अगस्त,2023 / भाग-1 /अंक 08

# राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान, गांधीनगर

# मासिक पत्रिका



# विषय वस्तु


1. ओरिएंटेशन प्रोग्राम-2023.......................................................02

2. हथकरघा दिवस का आयोजन.......................................................03

3. G-20 सांस्कृतिक फैशन शो का आयोजन........................................05

4. स्वतंत्रता दिवस का आयोजन.......................................................09

5. ओणम उत्सव.......................................................................11

6. सद्भावना दिवस का पालन..........................................................12




# ओरिएंटेशन प्रोग्राम-2023

'ओरिएंटेशन प्रोग्राम 2023' के तहत निफ्ट गांधीनगर में छात्रों को जागरूक करने, एक सुरक्षित व स्वस्थ वातावरण को बढ़ावा देने, सहपाठियों के बीच सम्मान,सहानुभूति और समझ की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एंटी-रैगिंग पर एक सत्र का आयोजन किया गया । इस सत्र के विशेषज्ञ गुजरात नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के सहायक प्रोफेसर डॉ. हार्दिक पारिख ने रैगिंग के हानिकारक परिणामों और रोकथाम के महत्व के बारे में बताया |









# हथकरघा दिवस का आयोजन

निफ्ट गांधीनगर के निदेशक प्रोफेसर डॉ. समीर सूद ने 7 अगस्त 2023 को प्रगति मैदान, दिल्ली में 9वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह में भाग लिया। इस कार्यक्रम की शोभा माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने बढ़ाई, जिन्होंने हथकरघा और खादी बुनकरों, कारीगरों और कपड़ा और एमएसएमई क्षेत्रों के हितधारकों की एक सभा को संबोधित किया। उन्होंने GEM पोर्टल पर भी प्रकाश डाला, जो छोटे उद्यमों को अपने उत्पाद सीधे बेचने की अनुमति देता है। 'एक जिला, एक उत्पाद' पहल और 'एकता मॉल' प्रतिष्ठान का उद्देश्य विभिन्न राज्यों के अद्वितीय हस्तशिल्प उत्पादों को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा डिजाइन किए गए ई-पोर्टल - वस्त्र और शिल्प का भंडार भी लॉन्च किया, जो निफ्ट में सभी के लिए गर्व की बात है।








# हथकरघा दिवस का आयोजन

माननीय प्रधानमंत्री #वोकल फॉर लोकल और #आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए निफ्ट गांधीनगर ने 9वां हथकरघा दिवस बहुत धूमधाम से मनाया । उद्योग विशेषज्ञों,कारीगरों और निफ्ट के साथ मिलकर"स्वदेशी उद्योग के रूप में हथकरघा का भविष्य" विषय पर एक पैनल चर्चा का आयोजन किया गया जिसके बाद एकल इक्कत पटोला कच्छी शॉल, काला कपास और भसरिया, सुजानी और गमछा बुनाई के बुनकरों द्वारा एक प्रदर्शनी एवं प्रदर्शन प्रस्तुत किया जाएगा ।









इस अवसर पर प्रोफेसर डॉ. समीर सूद को माननीय टेक्सटाइल राज्य मंत्री श्रीमती दर्शना जरदोश सहित कई गणमान्य व्यक्तियों जैसे सचिव टेक्सटाइल भारत सरकार रचना शाह, अतिरिक्त सचिव टेक्सटाइल भारत सरकार और निफ्ट महानिदेशक श्री रोहित कंसल, अध्यक्ष फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया, श्री सुनील सेठी और प्रसिद्ध सेलिब्रिटी डिजाइनर श्री रोहित बल से मिलने का अवसर मिला । इस अवसर का लाभ उठाते हुए उन्होंने गांधीनगर में आयोजित वित्त मंत्रियों की जी20 बैठक के दौरान निफ्ट गांधीनगर द्वारा तैयार किए गए फैशन शोकेस वसुधजन के बारे में सभी को  जानकारी दि इसके अलावा भारत के हथकरघा और हस्तशिल्प क्षेत्र को मजबूत करने पर चर्चा हुयी ।



# G-20 सांस्कृतिक फैशन शो का आयोजन

निफ्ट गांधीनगर, निदेशक प्रो. डॉ. समीर सूद के दूरदर्शी नेतृत्व में, प्रतिष्ठित जी-20 स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक में "आयुर्वस्त्र - निरामयपंथ" थीम के साथ एक असाधारण डिजाइन संग्रह शो का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गुजरात के माननीय मुख्यमंत्री, श्री भूपेन्द्रभाई पटेल, माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य, रसायन और उर्वरक मंत्री, डॉ. मनसुख मंडाविया, माननीय केंद्रीय आयुष मंत्री, श्री सर्बानंद सोनोवाल और आदरणीय महानिदेशक विश्व स्वास्थ्य संगठन टेड्रोस एडनोम घेब्येयियस सहित सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में हुआ।











# G-20 सांस्कृतिक फैशन शो का आयोजन

शो में प्रमुख डिजाइनर सुश्री पायल जैन, सुश्री अंजू मोदी और सुश्री रितु बेरी के साथ-साथ निफ्ट संकाय सदस्यों, छात्रों और पूर्व छात्रों के संग्रह थे। इस शो को सभी गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिनिधियों ने खूब सराहा ।













# G-20 सांस्कृतिक फैशन शो का आयोजन

निफ्ट गांधीनगर के निदेशक प्रोफेसर डॉ. समीर सूद, गुजरात के माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्रभाई पटेल, माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य, रसायन और उर्वरक मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया और फैशन उद्योग के अग्रणी डिजाइनर सुश्री के साथ अंजू मोदी, सुश्री रितु बेरी और सुश्री पायल जैन ने जी-20 कार्यक्रम में फैशन शोकेस 'निरामयपंथ' के सफल आयोजन के लिए रैंप पर वॉक किया |
इस अवसर पर सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा डिजाइन संग्रह शो का विवरण देने वाली एक लुक बुक 'निराम्यापंथ' का भी विमोचन किया गया । इस शो को सभी गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिनिधियों ने खूब सराहा गया ।













# G-20 सांस्कृतिक फैशन शो का आयोजन













# स्वतंत्रता दिवस का आयोजन

माटी को नमन वीरों का वंदन, की भावनाओं के साथ कैंपस निदेशक प्रोफेसर डॉ. समीर सूद ने 'राष्ट्र प्रथम, सदैव प्रथम' की शपथ दिलाई । निफ्ट गांधीनगर के सभी कर्मचारियों और छात्रों ने "मेरी माटी, मेरा देश" की गूंज का जश्न मनाने के लिए सभी ने  मिट्टी के एक घड़े  में एक-एक मुट्ठी मिट्टी एकत्र की । यह हमारे दिलों में बसता  है क्योंकि हम उस भूमि का सम्मान करते हैं जिसने हमारा पालन-पोषण किया है और उस देश का सम्मान करते हैं जो हमें सूत्र में बांध कर रखता  है ।



# स्वतंत्रता दिवस का आयोजन

इस वर्ष निफ्ट गांधीनगर ने भारतीय सेना के प्रतिनिधियों के साथ उत्सव मनाया और उन्हें सम्मानित किया निफ्ट गांधीनगर के छात्रों ने देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत विभिन्न प्रस्तुतियां दीं विभिन्न आयोजनों के विजेताओं के लिए पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया ।

स्वतंत्रता, एकता और प्रगति की दिशा में हमारी सराहनीय यात्रा के 77वें वर्ष के स्वतंत्रता दिवस का जश्न निफ्ट गांधीनगर में  कैंपस निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) समीर सूद और मुख्य अतिथि कैप्टन नीरज कटारिया,15 जम्मू-कश्मीर के राइफल्स 85वीं इन्फैंट्री ब्रिगेड द्वारा ध्वजारोहण के साथ मनाया गया ।


















# ओणम उत्सव

त्यौहारों के मौसम में जीवंत रंगों को  जोड़ते हुए निफ्ट गांधीनगर के छात्रों की कलात्मक प्रतिभा देखने योग्य है  ओणम उत्सव मनाते हुए छात्रों ने  फिट इंडिया फिटनेस प्रतिज्ञा, तिरुवथिराकली नृत्य, खेल और रंगोली बनाने की प्रतियोगिता में भाग लिया । छात्रों द्वरा बनाया गया प्रत्येक जटिल डिज़ाइन रचनात्मकता और एकता की कहानी कहता है ।










# सद्भावना दिवस का पालन

दिनांक 10 अगस्त 2023 को निफ्ट-एचओ से प्राप्त ओ.एम. और निर्देशों के अनुसार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा सद्भावना दिवस मनाए जाने के संबंध में परिसर के सेंट्रल लॉन में 19 अगस्त 2023 को प्रातः 11:00 बजे सभी अधिकारियों, संकाय सदस्यों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों द्वारा "सद्भावना दिवस" की शपथ ली गई ।



